कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

9, सरोजनी नायडू मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश की वर्ष 2026 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट/कम्पार्टमेंट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में सम्मिलित हुये छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को साइबर ठगों (Cyber Criminals) द्वारा विभिन्न माध्यमों से गुमराह करने का कुप्रयास किया जा सकता है।

ये साइबर अपराधी परीक्षार्थियों को सीधे फोन कॉल कर उनके अंकों का विवरण देने और पैसे के बदले अंक बढ़ाने का प्रलोभन दे सकते हैं, साथ ही यह निराधार दावा भी कर सकते है कि उनकी पहुँच मुख्य डेटाबेस तक है, और इसके लिये वे परिषद् के कर्मचारियों के नाम का दुरूपयोग कर अपनी फर्जी पहचान भी बता सकते है।

उत्तर प्रदेश पुलिस के सक्रिय सहयोग से ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान कर इनके विरूद्ध आई.टी एक्ट (IT Act) एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं के अंतर्गत कठोर दण्डात्मक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

अतः परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस से अनुरोध है कि:

1- ऐसे किसी भी फोन कॉल, मैसेज या ईमेल का संज्ञान न लें। परिषद् कभी भी व्यक्तिगत रूप से परीक्षार्थियों से सम्पर्क नही करता है।

2- अपनी व्यक्तिगत जानकारी, रोल नम्बर या बैंक विवरण किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।

3- ऐसे कॉल आने पर उसे रिकॉर्ड करें और तत्काल मोबाइल नंबर के साथ अपने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) को सूचित करें अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

4- इसकी सूचना बोर्ड के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिव को निम्नांकित मोबाइल/दूरभाष नम्बर पर भी दी जाए-

क्रम	अपर सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय	मोबाइल/दूरभाष नम्बर
1	मेरठ	9454457256, 0121-2660742
2	बरेली	9415060575, 0581-2583044
3	प्रयागराज	9410077710, 0532-2423365
4	वाराणसी	9450964432, 0542-2509990
5	गोरखपुर	9415259462, 0551-2205271

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/ सिस्टम सेल/ 684 (1-6) दिनांकः 03-08-2026

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि इसे जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति,मा.शि.प.शिविर कार्यालय,लखनऊ को सूचनार्थ।

Office Phone No. 0532-2622767, 2623182, 2623820
Camp Office Phone No. 0532-2260220, 2256860
Helpline No. 1800-180-5310 & 1800-180-5312
Website-upmsp.edu.in
Email-upmspprayagraj@gmail.com & upmspho@gmail.com

Follow us :
@upboardpryj
Madhyamik Shiksha Parishad Uttar Pradesh

Scanned with OKEN Scanner

4. अपर सचिव,मा.शि.प.क्षेत्रीय कार्यालय (मेरठ,बरेली,प्रयागराज,वाराणसी तथा गोरखपुर) को इस निर्देश के साथ कि ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराएं।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद,उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे अपने स्तर से समस्त प्रधानाचार्यों को निर्देशित करें कि वे अभिभावकों के व्हाट्सएप ग्रुप एवं विद्यालय के सूचना पट्ट के माध्यम से छात्रों को सचेत करें। साथ ही परीक्षार्थियों, अभिभावकों एवं आम जनमानस से ऐसी सूचना मिलने पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायें।
6. उप सचिव (सिस्टम सेल), मा.शि.प. को परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट एवं सोशल मीडिया हैंडल्स पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु।

(भगवती सिंह)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner